आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 255 | उज्जैन, सोमवार 04 अगस्त 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# भाई और बहन के बीच अटूट प्रेम और स्नेह का पर्व है रक्षाबंधन-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ग्राम तालोद और उज्जैन में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में हुए शामिल




भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को उज्जैन जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत तालोद में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे रक्षाबंधन पर्व पर बहनों से मिले प्रेम और स्नेह से अभिभूत हैं। यह पर्व भाई और बहन के बीच अटूट प्रेम और स्नेह का पर्व है। आज बहनों ने मुझे जो राखियाँ बांधी हैं वह सभी बहनों का प्रेम, विश्वास और सम्मान दर्शाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहनों के आशीर्वाद से प्रदेश में सरकार निरंतर विकास के कार्य कर रही है। गाँवों में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए निरंतर सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। शासन ने द्वारा ÷एक पेड-माँ के नाम÷ अभियान से प्रेरित होकर ÷एक बगिया-माँ के नाम÷ योजना बनाई है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश को हरा भरा बनाने के साथ महिलाओं को आर्थिक रुप से सशक्त बनाना है। इसके अंतर्गत स्व-सहायता समूह से जुडी महिलाओं को उनकी निजी भूमि पर फलदार पौधों के बगीचे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। सरकार द्वारा बगिया में फलदार पौधे, खाद, गड्ढे खोदने का खर्च, फेन्सिंग, सिंचाई के लिए 50 हजार लीटर के जल कुंड बनाने के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध भी कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को पूरे देश में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत प्रतिमाह प्रदाय की जाने वाली राशि में भी वृद्धि की जाएगी।

# ड्रग्स तस्करी पर कसेगा शिंकजा, CRCL और NFSU के बीच साइन हुआ MoU




नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय राजस्व नियंत्रण प्रयोगशाला (सीआरसीएल) और राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के बीच 1 अगस्त 2025 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ। वित्त मंत्रालय के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के विशेष सचिव और सदस्य (सीमा शुल्क) श्री सुरजीत भुजबल सहित एनएफएसयू के कुलपति डॉ. जे.एम. व्यास ने इस बैठक की अध्यक्षता की।

क्या है समझौते का उद्देश्य- इस एमओयू का उद्देश्य नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम से संबंधित मामलों में अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ाना और प्रवर्तन तंत्र को मज़बूत करना है। इस समझौता ज्ञापन पर सीआरसीएल के निदेशक श्री वी. सुरेश और एनएफएसयू-गांधीनगर के परिसर निदेशक प्रो. (डॉ.) एस.ओ. जुनारे ने भी हस्ताक्षर किए हैं। क्या होगा फायदा? प्रो. (डॉ.) एस.ओ.जुनारे के अनुसार, यह समझौता ज्ञापन एनडीपीएस उल्लंघनों की जांच और उन पर मुकदमा चलाने की देश की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा।

# बैडमिंटन खेलते हुए मौत, युवाओं में क्यों बढ़ रहा हार्ट अटैक का खतरा? एक्सपर्ट्स ने बताया बचाव का तरीका



नई दिल्ली (एजेंसी)। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से हाल ही में एक चौंकाने वाली खबर सामने आई। बैडमिंटन खेलते हुए एक शख्स अचानक नीचे गिरा और उसकी मौत हो गई। मौत के पीछे की वजह हार्ट अटैक बताया जा रहा है। इसके साथ बढ़ते हार्ट अटैक के मामले एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं।

हेल्थ एक्सपर्ट्स ने युवाओं और खासकर आईटी सेक्टर जैसे तनावयुक्त माहौल में काम करने वाले लोगों को हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करने की सलाह दी है। साथ ही उन्हें समय-समय पर अपना हेल्थ चेकअप करवाने की आवश्यकता है, जिससे हार्ट अटैक आने की संभावना को कम किया जा सके।

30 के बाद बढ़ रहा हार्ट अटैक का खतरा- हैदराबाद में कमिनेनी के वरिष्ठ सलाहकार हृदय रोग विशेषज्ञ सागर भुयर के अनुसार, आमतौर पर दिल से जुड़ी समस्याएं 60 साल की उम्र के बाद शुरू होती हैं। मगर अब 30 साल के बाद ही लोग दिल की समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं।

# नितिन गडकरी के आवास को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नागपुर स्थित आवास को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी के तुरंत बाद पुलिस ने एक्शन लिया। इस मामले में धमकी देने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शख्स ने फर्जी कॉल की थी। अधिकारियों ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस को कॉल कर दी धमकी- जानकारी के अनुसार, आरोपी ने रविवार सुबह पुलिस कंट्रोल के 112 नंबर पर केंद्रीय मंत्री के आवास को उड़ाने की धमकी दी। इस कॉल के बाद पुलिस एक्टिव हो गई। तुरंत मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई।

शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस एक्टिव हुई और आरोपी की तलाश में जुट गई। इसके बाद पुलिस ने दोपहर के वक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए शख्स की पहचान तुलसी बाग रोड निवासी उमेश विष्णु राउत के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी को नागपुर के बीमा दवाखाना के पास से गिरफ्तार किया गया है।

धमकी देने के पीछे की वजह तलाशने की कोशिश जारी- बता दें कि गिरफ्तार किए शख्स से पुलिस पूछताछ करेगी। पुलिस के अनुसार, राउत कथित तौर पर एक देशी शराब की दुकान पर काम करता है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बम की धमकी वाला कॉल एक झूठा कॉल निकला।

# आधी रात को महाराष्ट्र में MNS कार्यकर्ताओं का उपद्रव, डांस बार में घुस कर मचाया उत्पात



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र में शनिवार देर रात राज ठाकरे की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जमकर उत्पात मचाया। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ता पनवेल में स्थित एक डांस बार में घुसे और वहां तोड़फोड़ की। लाठियों से लैस होकर आए इन एक दर्जन से अधिक लोगों का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। मनसे कार्यकर्ताओं का ये उपद्रव अचानक नहीं हुआ। इसके पीछे राज ठाकरे के उस बयान को जिम्मेदार बताया जा रहा है, जिसमें उन्होंने रायगढ़ को छत्रपति शिवाजी महाराज की राजधानी बताते हुए वहां चल रहे डांस बार के विरोध में बातें की और उन्हें बंद करने की बात कही।

ठाकरे के बयान से उग्र हुए कार्यकर्ता- राज ठाकरे ने पनवेल में किसान मजदूर पार्टी की एक बैठक में कहा था, रायगढ़ जिले में सबसे ज्यादा डांस बार हैं। क्या वे बंद हो गए हैं? इन डांस बार का मालिक कौन है? सिर्फ मराठी लोग? आपको वहां डांस बार की आदत लगाकर फंसाया जा रहा है। यह हमारा रायगढ़ है। रायगढ़ छत्रपति शिवाजी महाराज की राजधानी थी।

ठाकरे के इस बयान के बाद ही मनसे कार्यकर्ता उग्र हो गए। शाम को बयान आया और रात में उपद्रव शुरू हो गया। पनवेल स्थित नाइट राइडर्स बार में पहुंचकर मनसे कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ की। पुलिस ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया है। शराब की बोतलें, मेज, शीशे सब कुछ तोड़ दिया।

# मालेगांव ब्लास्ट केस में बरी होने के बाद और क्या बोलीं साध्वी प्रज्ञा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। 2008 के मालेगांव ब्लास्ट केस की आरोपी साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को कोर्ट ने बरी कर दिया है। वहीं, साध्वी प्रज्ञा का कहना है कि जांच के दौरान गलत जानकारी न फैलाने के कारण उन्हें काफी टॉर्चर किया गया था।

रविवार को भोपाल एअरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान साध्वी प्रज्ञा ने कहा, ÷मुझसे गलत जानकारी फैलाने के लिए कहा गया था, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। इसलिए मुझे बहुत टॉर्चर किया गया था।

# ट्रंप की धमकी बेअसर, रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा भारत



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत सरकार ने देश की रिफाइनरी कंपनियों को रूस से तेल ना खरीदने का कोई आदेश नहीं दिया है। इकनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। मौजूदा समय में भारत, अमेरिका की धमकी और अपनी जरूरतों के हिसाब से फैसले के बीच संघर्ष कर रहा है। बता दें, 2 दिन पहले ट्रंप ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा था कि उन्होंने सुना है कि भारत, रूस से तेल नहीं खरीदेगा। उन्होंने तब इसे अच्छा कदम बताया था।

वहीं, शनिवार को न्यूयार्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि ट्रंप की पेनाल्टी धमकी के बाद भी भारत रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा। हालांकि, इस पूरे मसले पर भारत सरकार की तरफ से अभी तक कोई बयान नहीं आया है।

रिपोर्ट के अनुसार रूस से तेल का इंपोर्ट रोकने पर अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। सरकारी और तेल कंपनियों को अपने पसंदीदा स्रोत से तेल खरीदने की अनुमित है। यह उनका एक व्यापारिक फैसला है।

बीते हफ्ते बुधवार को ट्रंप ने भारत में रूस से एनर्जी और मिलिट्री संसाधन खरीदने पर गुस्सा प्रकट किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत पर 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाया था। वहीं, रूस से दोस्ती रखने पर अतिरिक्त पेनाल्टी लगाने की धमकी भी दी।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार बीते हफ्ते रिफाइनरी कंपनियों को रूस के विकल्पों का प्लान तैयार रखने को निर्देश सरकार की तरफ से मिला था। रिपोर्ट के अनुसार कंपनियों से पूछा गया है कि रूस का कौन-कौन से देश तेल में विकल्प बन सकते हैं।

अगर भारत रूस से तेल खरीदना बंद करता है तो उसे एक बार फिर से खाड़ी के देशों की तरफ रुख करना होगा। जिसके लिए नई दिल्ली को अधिक कीमत चुकानी होगी।

# गाजा में दाने-दाने को तरस रहे लोग, लेकिन हमास के विद्रोहियों की फुल मौज



नई दिल्ली (एजेंसी)। एक ओर गाजा के लोग दाने-दाने को मोहताज हैं, वहीं दूसरी ओर हमास के लड़ाके फुल मौज काट रहे हैं। गाजा में लोगों को आटा-पानी लेने के लिए बाहरी मदद पर निर्भर रहना पड़ रहा है, वहीं हमास के विद्रोही भरपेट खाना तो खा ही रहे हैं, जमकर अय्याशी भी कर रहे हैं।

इजरायल के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में हमास की कैद में इजरायल का एक नागरिक है। उसका शरीर पूरी तरह सूख चुका है। बदन पर मांस कम और हड्डियां ज्यादा दिख रही हैं। तस्वीर में एक हाथ दिख रहा है, जो हमास के किसी लड़ाके का है। हाथ देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि उसका शरीर कितना हष्ट-पुष्ट होगा।

इजरायल ने शेयर की पोस्ट- इजरायल के मंत्रालय ने फोटो पोस्ट करते हुए लिखा, %एव्यातार डेविड के हाथ देखिए... एक इज़राइली बंधक, जो भूख से मरने की कगार पर है। अब उसे कैद करने वाले हमास विद्रोही का हाथ देखिए - मजबूत, भरपूर खाना खाए हुए, केवल दिखावे के लिए डिब्बा पकड़े हुए।

तो गाज़ा में असल में भूखा कौन है- मंत्रालय ने एव्यातार डेविड की कई तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए हैं। एक अन्य तस्वीर में एव्यातार डेविड को दीवार पर कुछ लिखते और हमास के लड़ाकों को खाने के मजे उड़ाते हुए देखा जा सकता है। वहीं एक वीडियो में एव्यातार डेविड गड्ढा खोदते हुए दिख रहा है, जिसमें वह कहता है कि यह गड्ढा उसकी कब्र के लिए है। बता दें कि 2007 में हमास ने गाजा पर अपना पूर्ण प्रभाव स्थापित कर लिया था। इसके बाद से ही इजरायल के साथ उसका संघर्ष जारी है।

अक्टूबर 2023 में गाजा ने इजरायल के एक हिस्से पर हमला कर 1200 से अधिक लोगों की हत्या कर दी थी और 250 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया था। जवाब में इजरायल ने गाजा में किसी भी तरह की सहायता पहुंचने पर पूरी तरह से रोक लगा दी और गाजा में भूखमरी की स्थिति बन गई। कई अंतरराष्ट्रीय और मानवाधिकार संस्थाओं ने इसके लिए इजरायल की निंदा की, लेकिन स्थिति जस की तस रही।

# अमेरिका में भयानक हादसा, वेस्ट वर्जीनिया में गहरी खाई में गिरी कार; भारतीय मूल के चार लोगों की मौत



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के न्यूयॉर्क से वेस्ट वर्जीनिया जा रहे भारतीय मूल के चार बुजुर्गों की मौत हो गई। ये सभी लोग एक धार्मिक स्थल प्रभुपाद के पैलेस ऑफ गोल्ड देखने के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में उनकी कार एक खाई में गिर गई।


घटना की पुष्टि मार्शल काउंटी के शेरिफ माइक डौघर्टी ने की। मरने वालों के पहचान आशा दिवान (85), किशोर दिवान (89), शैलेश दिवान (86) और गीता दिवान (84) के रूप में हुई है।

29 जुलाई को आखिरी बार दिखे थे सभी लोग- ये सभी लोग 2009 मॉडल की लाइम ग्रीन टोयोटा कैमरी कार में सफर कर रहे थे, जिसका नंबर था EKW2611। जानकारी के मुताबिक, इन बुजुर्गों को 29 जुलाई को पेंसिल्वेनिया के एक बर्गर किंग रेस्टोरेंट में आखिरी बार देखा गया था।

रेस्टोरेंट के सीसीटीवी फुटेज में दो लोगों को अंदर जाते देखा गया। वहीं इनका अंतिम क्रेडिट कार्ड ट्रांजैक्शन भी उसी जगह ट्रेस हुआ। इसके कुछ देर के बाद, पेंसिल्वेनिया पुलिस की लाइसेंस प्लेट पहचान सिस्टम ने उनकी कार को इंटरस्टेट-79 पर साउथ की तरफ जाते हुए रिकॉर्ड किया था।

शनिवार को मिले शव- हादसे वाली कार और चारों शव शनिवार रात लगभग 9.30 बजे एक ढलान वाली खाई में मिली। रेस्क्यू टीम वहां पांच घंटे से ज्यादा समय तक रही। शेरिफ माइक डौघर्टी ने परिवार के प्रति गहरी संवेदना जताई और कहा कि जांच पूरी होने के बाद और जानकारी साझा की जाएगी।

## पाकिस्तान में आधी रात को डोली धरती, इस्लामाबाद-रावलपिंडी समेत कई जगहों पर दहशत में आए लोग




नई दिल्ली (एजेंसी)। भूकंप के झटकों से एक बार फिर पाकिस्तान की धरती कांप उठी है। पाकिस्तान के कई इलाकों में 5.1 की तीव्रता के झटके महसूस किए गए हैं। इससे लोग काफी दहशत में आ गए हैं। नेशनल सिस्मिक मॉनिटरिंग सेंटर के अनुसार, आज यानी शनिवार-रविवार की रात को इस्लामाबाद, खैबर पख्तूनख्वा और रावलपिंडी समेत कई जगहों पर भूकंप के झटके लगे हैं।

भूकंप का केंद्र- NSMC के अनुसार भूकंप का केंद्र रावत से 15 किलोमीटर दूर दक्षिण पूर्व में दर्ज किया गया। इसकी गहराई 10 किलोमीटर आंकी गई है। इस्लामाबाद और रावलपिंडी के अलावा मर्दान, मुरे, हरिपुर, चकवाल, तलगांग, और कल्लार कहार में 5.1 की तीव्रता वाला भूकंप महसूस किया गया।पहले भी आया भूकंप

देर रात 12¬10 बजे धरती हिलने से लोग दहशत में आ गए। सभी अपने घरों से बाहर भागने लगे। भूकंप के काफी देर बाद भी लोग घरों से बाहर ही थे। बता दें कि इससे पहले शनिवार को भी इस्लामाबाद समेत खैबर पख्तूनख्वा में 5.4 के मैग्नीट्यूड का भूकंप आया था।

## रूस में फिर लगे भूकंप के तेज झटके, इस बार नहीं मिला सुनामी का अलर्ट




नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस में एक के बाद एक भूकंप के तेज झटके महसूस किए जा रहे हैं। आज फिर रूस के कुरिल द्वीप पर भूंकप से धरती कांप उठी। रिएक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.7 मैग्नीट्यूड रही है। मगर, गनीमत है कि इस बार भूकंप के बाद सुनामी आने का खतरा नहीं है।

अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे ने पहले भूकंप की तीव्रता 7 मैग्नीट्यूड आंकी थी। इसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर नीचे दर्ज किया गया था।

सुनामी का अलर्ट नहीं- पैसिफिक सुनामी वार्निंग सिस्टम ने भी भूकंप की पुष्टि की है। हालांकि, इससे सुनामी आने का खतरा नहीं है। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं, रूस में भूकंप से कोई भी जानमाल की हानि की खबर सामने नहीं आई है।

## बड़ी गलती कर रहे ट्रंप, भारत पर टैरिफ लगने के बाद कनाडाई बिजनेसमैन ने दी चेतावनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया था। इस घोषणा को भारत पर ट्रेड डील के लिए दबाव बनाने की नजर से देखा जा रहा है। वहीं अब कनाडा के बिजनेस टाइकून ने ट्रंप को उनके इस कदम के लिए चेताया है और भारत पर टैरिफ लगाने को बड़ी भूल बताया है।

दिग्गज कनाडाई कारोबारी और टेस्टबेड के चेयरमैन किर्क लुबिमोव ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लंबा-चौड़ा पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने के डोनाल्ड ट्रंप के फैसले की आलोचना की है और पीएम मोदी को दुनिया में बेहद लोकप्रिय नेता बताया है।

दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती इकोनॉमी है भारत- किर्क लुबिमोव ने लिखा, %मैंने पहले भी कहा है, और मैं इसे फिर से कहूंगा। डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ दृष्टिकोण की सबसे बड़ी समस्या यह है कि इसमें जियो पॉलिटिकल स्ट्रैटदी का जरा भी ध्यान नहीं रखा जाता है। ट्रंप अब भारत से लड़ाई लड़ रहे हैं, जो दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती इकोनॉमी में से एक है।

उन्होंने आगे लिखा, %भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया में सबसे ज्यादा सम्मानित हैं और कई देशों में उनका प्रभाव है। असली मकसद चीन और ब्रिक्स के प्रभुत्व और विकास को कमजोर करना है। भारत इसका एक हिस्सा है, लेकिन यह चीन से प्रोडक्शन को ट्रांसफर करने के लिए एक स्वाभाविक देश हो सकता है।

किर्क लुबिमोव ने तंज कसते हुए कहा कि अमेरिका 50 सेंट के टूथब्रश तो नहीं बनाने वाला है।

# शेख हसीना की मुश्किलें बढ़ीं, पूर्व पीएम के खिलाफ बांग्लादेश में शुरू हुआ ट्रायल



नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश में तख्तापलट को 1 साल पूरे होने वाले हैं। पिछले साल 5 अगस्त को बांग्लादेश में हिंसा शुरू होने के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को मजबूरन देश छोड़ना पड़ा था। बांग्लादेश में हालात अभी भी सामान्य नहीं हुए हैं। इसी बीच पूर्व पीएम शेख हसीना की मुश्किल भी बढ़ती नजर आ रही है।


बंग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय क्राइम ट्रिब्यूनल में शेख हसीना के खिलाफ मुकदमा शुरू हो गया है। आज इसे हरी झंडी दिखा दी गई। इस मुकदमे में शेख हसीना को हिंसा की जड़ बताया गया है।

शेख हसीना के लिए सख्त सजा की मांग- मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार की तरफ से ताजुल इस्लाम ने अदालत में सरकार का पक्ष रखा है। उनका कहना है कि शेख हसीना की वजह से बांग्लादेश में हिंसा भड़की। ऐसे में शेख हसीना को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए।

2 सहयोगियों पर भी लगाया आरोप- मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने शेख हसीना के अलावा उनके 2 सहयोगियों को भी हिंसा का जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और आईजी चौधरी अब्दुल्ला अल मामुन भी बराबर के आरोपी हैं।

शेख हसीना पर क्या है आरोप- अंतरराष्ट्रीय क्राइम ट्रिब्यूनल में दायर इस मुकदमें में शेख हसीना पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

# यूक्रेनी ड्रोन ने रूस में मचाई तबाही, तेल डिपो पर हमले के बाद लगी भीषण आग; दूर तक दिखीं आग की लपटें



नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस और यूक्रेन के बीच करीब साढ़े तीन साल से युद्ध जारी है। इस बीच यूक्रेन ने रविवार को रूस पर एक बड़ा हमला किया। यूक्रेन द्वारा रूस के काला सागर स्थित रिसॉर्ट सोची के पास एक तेल डिपो पर शनिवार को ड्रोन से हमला बोला। इस हमले के बाद एक भीषण आग लग गई। रूसी अधिकारियों के अनुसार, दोनों देशों के बीच यह हमला हुआ। दरअसल, शनिवार रात को यूक्रेन की ओर से ड्रोन दागे गए। एक गिराए गए ड्रोन के मलबे के ईंधन टैंक से टकराने के बाद डिपो में भीषण आग लग गई। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनामिन कोंद्रायेव ने इस संबंध में बताया कि आग लगने के बाद राहत और बचाव का कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया।

सोची हवाई अड्डे पर रोकी गई उड़ाने- बता दें कि इस हमले के बाद लगी आग का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। वीडियो में तेल डिपो के ऊपर धुएं के विशाल गुबार उठते दिखाई दे रहे हैं।

इस बीच रूस के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण द्वारा सोची हवाई अड्डे पर उड़ानें अस्थायी रूप से रोक दी हैं। वही, वोरोनिश क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य यूक्रेनी ड्रोन हमले में चार लोग घायल हो गए।

रूस के रक्षामंत्रालय ने किया नया दावा- गौरतलब है कि रूस के रक्षा मंत्रालय की ओर से एक नया दावा किया गया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा ने रविवार रात तक रूस और काला सागर के ऊपर 93 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए।

# स्पाइसजेट कर्मियों पर हमला करने वाले सेना के अधिकारी पर FIR, 16 किलो का बैग निकला बवाल की वजह



नई दिल्ली (एजेंसी)। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने फ्लाइट में चढ़ने से पहले अधिक वजन वाले बैग के लिए पैसे देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि उन्होंने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों को बुरी तरह पीट दिया।

इस हमले में एक कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया, जबकि एक अन्य का जबड़ा टूट गया। यह घटना 26 जुलाई को श्रीनगर एयरपोर्ट पर हुई। स्पाइसजेट ने बताया कि अधिकारी दिल्ली जाने वाली फ्लाइट में चढ़ने वाला था और वो 16 किलो के दो बैग लेकर आया था।

क्या है नियम- फ्लाइट में चढ़ने के नियम के मुताबिक केवल 7 किलो तक का सामान ही बिना अतिरिक्त शुल्क के केबिन में ले जाने की अनुमति होती है। जब एयरलाइन के स्टाफ ने उन्हें अधिक वजन के लिए शुल्क देने को कहा तो उन्होंने मना कर दिया और जबरन बोर्डिंग ब्रिज की तरफ बढ़ गया।

अधिकारी द्वारा ऐसा करना सुरक्षा नियमों का सीधा उल्लंघन था और फिर CISF के एक जवान उन्हें वापस गेट पर लेकर आया।

## केरल की पंचायत ने मरवा दिए सैकड़ों आवारा कुत्ते, सामूहिक हत्या पर पुलिस ने दर्ज किया केस



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल में सैकड़ों कुत्तों की सामूहिक हत्या का एक मामला सामने आया है। इडुक्की के एनिमल रेस्क्यू टीम की एक एक्टिविस्ट ने मुन्नार पंचायत के अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है कि हाल ही में सैकड़ों कुत्तों की हत्या कर दी गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने कई धाराओं में यह मामला दर्ज किया है।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें आवारा कुत्तों को पंचायत वाहन में पकड़कर ले जाया जा रहा है और ये वीडियो कई टीवी चैनलों पर प्रसारित किया गया है। शिकायतकर्ता ने यह आरोप लगाया है कि अधिकारियों ने कुत्तों की लाशों को उस जगह से गुप्त तरीके से हटाने की कोशिश की, जहां पर उन्हें दफनाया गया।

उन्होंने रविवार को कहा, हमें सूचना मिली थी कि पंचायत से जुड़े लोग शवों को दूसरी जगह ट्रांसफर करने के लिए गुप्त कदम उठा रहे हैं। हमने इसके आधार पर शिकायत दर्ज कराई।÷ एक पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है, हालांकि अभी तक कोई ठोस सबूत नहीं मिला है। पंचायत वाहन के ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## सड़क पर 10 करोड़ की स्पोर्ट्स कार में लगी आग, वीडियो हो रहा वायरल



नई दिल्ली (एजेंसी)। बेंगलुरु में एक बिजी सड़क पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक महंगी लेम्बोर्गिनी एवेंटाडोर में अचानक आग लग गई। इस सुपरकार की कीमत लगभग 10 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

यह कार सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर संजीव उर्फ निम्मा माने मागा संजू की है। कार में आग लगने की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वीडियो में देखा जा सकता है कि कार के पिछले हिस्से में आग लगी थी, जहां आमतौर पर इंजन होता है।

लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की- आग लगने के बाद लोगों ने बाल्टी से पानी और रेत डालकर आग बुझाने की कोशिश की। इसके साथ ही फायर एक्सटिंग्विशर का भी इस्तेमाल किया गया। हालांकि, इस घटना में कार में बैठे किसी भी व्यक्ति को कोई गंभीर चोट नहीं आई है।

आग लगने की वजह से कार को काफी नुकसान हुआ है। शुरुआत में कुछ लोगों ने दावा किया कि पूरी कार जलकर खाक हो गई, लेकिन बाद में संजीव ने खुद बताया कि कार को केवल मामूली नुकसान हुआ है।

## मुस्लिम प्रिंसिपल से नफरत की बेइंतहा! सरकारी स्कूल के पानी में मिलाया जहर



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक के बेलगावी जिले के हुलिकट्टी गांव में एक सरकारी स्कूल में बच्चों के पीने के पानी में जहर मिलाने की घटना सामने आई है। पुलिस जांच में पता चला है कि यह घिनौनी हरकत स्कूल के मुस्लिम प्रधानाध्यापक का तबादला करवाने के इरादे से की गई थी।

इस घटना को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने कड़ी निंदा की है और इसे धार्मिक नफरत और कट्टरता से प्रेरित घिनौना अपराध बताया है। बता दें, घटना करीब 15 दिन पहले की है, जब स्कूल के कई बच्चों की तबीयत पानी पीने के बाद अचानक बिगड़ गई।

नहीं हुआ कोई गंभीर घायल- हालांकि, तबीयत बिगड़ने के बाद बच्चों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन इस घटना में कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच की और शुरुआती रिपोर्ट में पानी में जहर मिलाने की पुष्टि हुई।

पुलिस की जांच में सामने आया कि यह हरकत श्रीराम सेना के सवादत्ती तालुक अध्यक्ष सागर पाटिल और उनके दो साथियों ने की थी। इन तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जांच अधिकारियों का मानना है कि आरोपियों ने स्कूल के मुस्लिम हेडमास्टर को बदनाम करने और तबादला करवाने के लिए जानबूझकर बच्चों के पानी में जहर मिलाया था। इसके जरिए वे क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव फैलाना चाहते थे।

CM सिद्दरमैया ने किया पोस्ट- इस घटना को लेकर सीएम सिद्दरमैया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा, धार्मिक कट्टरता और नफरत लोगों को निर्दोष बच्चों की हत्या तक के लिए प्रेरित कर सकती है।

## कटा कान और खुला छाता... महिला ने अपने ही सुहाग को क्यों उतारा मौत के घाट? सामने आई चौंकाने वाली वजह





नई दिल्ली (एजेंसी)। असम में एक महिला को अपने पति की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही इस हत्या में शामिल होने के आरोप में उसकी 9वीं कक्षा में पढ़ने वाली बेटी और दो अन्य लड़कों को हिरासत में लिया गया है।

मृतक की पहचान उत्तम गोगोई के रूप में की गई। पुलिस के मुताबिक, उत्तम गोगोई 25 जुलाई को डिब्रूगढ़ के लाहोन गांव के बोरबरुआ इलाके में अपने घर पर मृत पाए गए थे। उत्तम की पत्नी बॉबी सोनेवाल गोगोई ने पुलिस को गुमराह करते हुए कहा कि उसके पति की मौत स्ट्रोक से हुई। इसके साथ ही घर में डकैती पड़ने की बात कही।

उत्तम के भाई को हुआ शक- उत्तम की पत्नी बॉबी सोनोवाल गोगोई और उनकी बेटी ने शुरू में उत्तम के भाई को बताया कि उनकी मृत्यु स्ट्रोक से हुई है। उत्तम के भाई का कहना है, ÷मैं तुरंत उनके घर पहुंचा, लेकिन उनका कान कटा हुआ था। मुझे एक खुला छाता भी मिला। फिर मुझे बताया गया कि घर में चोरी हुई है।

अगर उनकी मृत्यु स्ट्रोक से हुई, तो उनके कान पर चोट कैसे लगी- उन्होंने कहा, हमने पुलिस से संपर्क किया और आज हमें पता चला कि उसकी पत्नी, बेटी और दो अन्य लोगों को उसकी हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है।÷ बताया जाता है कि दोनों लड़कों के बॉबी और उसकी बेटी के साथ घनिष्ठ संबंध हैं।

पुलिस का क्या कहना है- डिब्रूगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रेड्डी ने कहा कि बॉबी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसकी बेटी और दो लड़कों को हिरासत में ले लिया गया है। उसकी बेटी ने अपराध कबूल कर लिया है। उन्होंने कहा, कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। बोरबरुआ के स्थानीय निवासियों ने बोरबरुआ पुलिस स्टेशन के सामने विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ कड़ी सजा की मांग की।

## जब भी CM भगवान कृष्ण से प्रार्थना करते हैं..., भजनलाल शर्मा को लेकर ये क्या बोल गए राजस्थान के मंत्री





नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान के कई हिस्सों में जबरदस्त बारिश की वजह से जलभराव और प्रदूषित पानी घरों में घुस गया है। इस मसले पर जब उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री केके विश्नोई से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जब भी भगवान कृष्ण की पूजा करते हैं तो बारिश हो जाती है और इसे रुकवाने के लिए भगवान इंद्र से अनुरोध करना पड़ता है।

विश्नोई ने शनिवार को बाड़मेर के दौरे के दौरान कहा, बाड़मेर-बालोतरा जिले की हम बात कर रहे हैं, वहां भगवान इंद्र बहुत दयालु हैं। जब भी भाजपा की सरकार बनती है और हमारे मुख्यमंत्री भरतपुर में भगवान कृष्ण की पूजा करते हैं तो यहां इतनी बारिश होती है कि मुख्यमंत्री को भगवान इंद्र से बारिश कम करने के लिए प्रार्थना करनी पड़ती है, ताकि लोग अपना जीवन यापन कर सकें।

कांग्रेस ने की विश्नोई की टिप्पणी की आलोचना- विश्नोई की टिप्पणी की आलोचना करते हुए बाड़मेर के बायतु विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी ने कहा कि मानव निर्मित संकट की जिम्मेदारी भगवान पर डालना हास्यास्पद है। पूर्व मंत्री ने कहा, मंत्री ने न केवल वास्तविक मुद्दे से ध्यान भटकाया है, बल्कि यह भी आरोप लगाया है कि सरकार इस मुद्दे को सुलझाने में असमर्थ है और केवल प्रार्थना ही मदद कर सकती है। यह हास्यास्पद है।

चौधरी ने दावा किया कि जोजरी नदी के आस-पास के इलाके जलमग्न हो गए हैं और दूषित पानी घरों, खेतों और अन्य इमारतों में घुस रहा है। बारिश के दौरान नदी के उफान पर आने पर समस्या और भी बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों ने इसका समर्थन करते हुए कहा कि वे कई सालों से इस समस्या से प्रभावित हैं। जोधपुर और पाली के कारखानों से निकलने वाले प्रदूषकों को नदी में छोड़ने से रोकने के लिए अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उजैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
हिन्दकुश मीडिया
jagrayam.com
online news magazine
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल एकादशी

## संपादकीय

# कुदरत द्वारा बनाई इस अनमोल खूबसूरत सृष्टि में कुदरत की अनमोल कलाकृति मानवीय जीव



कुदरत द्वारा बनाई इस अनमोल खूबसूरत सृष्टि में कुदरत की अनमोल कलाकृति मानवीय जीव के रूप में सृजित हुई और जिस मानवीय कुनबे में शिशु का जन्म होता है वहां खुशियों की बहार छा जाती है ऐसा सदियों से हजारों वर्षों से होता आया है और वर्तमान काल में भी हो रहा है। इस संसार में मृत्य अटल सत्य है जिसने भी जन्म लिया है उसकी मृत्यु निश्चित है। लेकिन लोगों के मन हमेशा एक सवाल उठता है कि आखिर मौत के बाद क्या होता है। अगर आत्म होती है, तो कहां जाती है। मौत के बाद मनुष्य का शरीर शिथिल हो जाता है। इस पर पहले कई शोध हुए हैं जो अभी भी जारी है। प्रकृति के कई अनसुलझे रहस्य हैं जिसे सुलझाना अभी भी बाकी है। उन्हीं में से एक है आत्मा और मौत। जब किसी मानवीय जीव की मृत्यु हो जाती है तो आदि अनादि काल से यह भी सच है कि उसी कुनबे में अति संवेदनशील दुखों का पल छा जाते हैं और उनका कुनबा यह सोचने पर मज़बूर हो जाता है कि आखिर ऐसा क्या इस शरीर में से निकल गया जो यह शरीर निर्जीव हो गया जो आज के वर्तमान परिपेक्ष में भी एक अनसुलझा रहस्य बना हुआ है! जिसके विज्ञान, विशेषज्ञों, जानकारों के अलग अलग तर्क दिए गए हैं परंतु हमारे बड़े बुजुर्गों और आध्यात्मिकता में यह ईश्वर अल्लाह की देन है और कहा गया है कि हम मानवीय जीव उसके हाथ के बने खिलौने हैं जिनका वह जीवन फिक्स कर देता है और समय आने पर उसे तोड़ देता है याने मृत्यु !आदि अनादि कहां से बुजुर्गों आध्यात्मिकता व कहावतों द्वारा यह कहा जाता है कि मनुष्य जब जन्म लेता है तो उसके मस्तक पर उसके पूरे जीवन की भविष्य रेखा लिखी रहती है और वह रेखा समाप्त होते ही उसकी मृत्यु हो जाती है,परंतु आधुनिक प्रौद्योगिकी युग में मनुष्य या कोई भी जीव मृत देह में कैसे बदल जाता है विज्ञान इस सवाल से निरंतर जूझ रहा है।

साथियों बात अगर हम मृत्यु की करें तो यह नाम सुनते ही दिल दहल जाता है, कांप जाता है। जिस तरह हमने कोरोना महामारी कॉल की पीक़ स्थिति में मृत्यु का तांडव देखे, तो दिल पसीज़ गया था। हमनें फिल्म उद्योग की पुरानी फिल्म पुष्पांजलि का दर्द भरा गीत, दुनिया से जाने वाले, जाने चले जाते हैं कहां, कैसे ढूंढे कोई उनको नहीं होते नामोनिशान और चिट्ठी न कोई संदेश, ना जाने कौन सा देश, जहां तुम चले गए सुनें होंगे जो दुखों के पलों में अक्सर याद आते हैं। हालांकि इन गीतों से भी वही प्रश्न गूंज रहा है कि आखिर मानवीय शरीर में से ऐसा क्या निकल जाता है और कहां चला जाता है जो शरीर निर्जीव हो जाता है! उसका रहस्य आज भी अनसुलझा है! और मेरा मानना है कि शायद कभी सुल्झेगा भी नहीं चाहे कितना भी प्रौद्योगिकी विज्ञान का उपयोग किया जाए? साथियों बात अगर हम मृत्यु की करें तो, मृत्यु शब्द नही बल्कि, मीडिया में जानकारी के अनुसार, मृत्यु एक परम पवित्र मंगलकारी देवी है। सामान्य भाषा मे किसी भी जीवात्मा अर्थात प्राणी के जीवन के अन्त को मृत्यु कहते हैं। मृत्यु सामान्यतः वृद्धावस्था, लालच, मोह,रोग कुपोषण के परिणामस्वरूप होती है।मुख्यतया मृत्युके 101 स्वरूप होते है, लेकिन मुख्य 8 प्रकार की होती है। जिसमे बुढ़ापा, रोग, दुर्घटना, अकस्मती आघात, शोक,चिंता, और लालच मृत्यु के मुख्य रूप है। साथियों बात अगर हम विज्ञान विशेषज्ञों, जानकारों की करें तो उनका अलग-अलग तर्क है, हालांकि विज्ञान के अनुसार, मृत्यु का अर्थ है जीवित प्राणी के शरीर की सभी जैविक प्रक्रियाओं का समाप्त हो जाना।

# राणा उदयसिंह



राणा उदयसिंह मेवाड़ के राणा साँगा के पुत्र और राणा प्रताप के पिता थे। इनका जन्म इनके पिता के मरने के बाद हुआ था और तभी गुजरात के बहादुरशाह ने चित्तौड़ नष्ट कर दिया था। इनकी माता कर्णवती द्वारा हुमायूँ को राखीबंद भाई बनाने की बात इतिहास प्रसिद्ध है। मेवाड़ की ख्यातों में इनकी रक्षा की अनेक अलौकिक कहानियाँ कही गई हैं। उदयसिंह को कर्त्तव्यपरायण धाय पन्ना के साथ बलबीर से रक्षा के लिए जगह-जगह शरण लेनी पड़ी थी। उदयसिंह 1537 ई. में मेवाड़ के राणा हुए और कुछ ही दिनों के बाद अकबर ने मेवाड़ की राजधानी चित्तौड़ पर चढ़ाई की। हज़ारों मेवाड़ियों की मृत्यु के बाद जब लगा कि चित्तौड़गढ़ अब न बचेगा तब जयमल और पत्ता आदि वीरा के हाथ में उसे छोड़ उदयसिंह अरावली के घने जंगलों में चले गए। वहाँ उन्होंने नदी की बाढ़ रोक उदयसागर नामक सरोवर का निर्माण किया था। वहीं उदयसिंह ने अपनी नई राजधानी उदयपुर बसाई। चित्तौड़ के विध्वंस के चार वर्ष बाद उदयसिंह का देहांत हो गया।

इतिहास से- राणा संग्राम सिंह उपनाम राणा सांगा एक बहुत ही वीर शासक थे। परिस्थितियों ने उनकी मृत्यु के उपरांत उनके पुत्र कुंवर उदय सिंह को वीरमाता पन्ना धाय के संरक्षण में रहने के लिए विवश कर दिया। माता पन्नाधाय ने अपने पुत्र चंदन का बलिदान देकर 'मेवाड़ के अभिशाप' बने बनवीर से मेवाड़ के भविष्य के राणा उदय सिंह की प्राण रक्षा की और उसे सुरक्षित रूप में किले से निकालकर बाहर ले गयी। तब चित्तौड़ से काफ़ी दूर राणा उदय सिंह का पालन पोषण आशाशाह नाम के एक वैश्य के घर में हुआ। इतिहासकारों ने बताया है कि माता पन्नाधाय के बलिदान की देर सवेर जब चित्तौड़ के राजदरबार के सरदारों को पता चली तो उन्होंने बनवीर जैसे दुष्ट शासक से सत्ता छीनकर राणा सांगा के पुत्र राणा उदय सिंह को सौंपने की रणनीति बनानी आरंभ कर दी। उसी रणनीति के अंतर्गत राणा उदय सिंह को चित्तौड़ लाया गया। राणा के आगमन की सूचना जैसे ही बनवीर को मिली तो वह राजदरबार से निकलकर सदा के लिए भाग गया। इससे राणा उदय सिंह ने निष्कंटक राज्य करना आरंभ किया। यह घटना 1542 की है। यही वर्ष अकबर का जन्म का वर्ष भी है।

राणा उदय सिंह की रानियाँ और संतान

राणा उदय सिंह की मृत्यु 1572 में हुई थी। उस समय उनकी अवस्था 42 वर्ष थी और उनकी सात रानियों से उन्हें 24 लड़के थे। उनकी सबसे छोटी रानी का लड़का जगमल था, जिससे उन्हें असीम अनुराग था। मृत्यु के समय राणा उदय सिंह ने अपने इसी पुत्र को अपना उत्ताराधिकारी नियुक्त कर दिया था। लेकिन राज्य दरबार के अधिकांश सरदार लोग यह नहीं चाहते थे कि राणा उदय सिंह का उत्तराधिकारी जगमल जैसा अयोग्य राजकुमार बने। राणा उदय सिंह के काल में पहली बार सन 1566 में चढ़ाई की थी, जिसमें वह असफल रहा। इसके बाद दूसरी चढ़ाई सन 1567 में की गयी थी और वह इस किले पर अधिकार करने में इस बार सफल भी हो गया था। इसलिए राणा उदय सिंह की मृत्यु के समय उनके उत्तराधिकारी की अनिवार्य योग्यता चित्तौड़गढ़ को वापस लेने और अकबर जैसे शासक से युद्ध करने की चुनौती को स्वीकार करना था। राणा उदय सिंह के पुत्र जगमल में ऐसी योग्यता नहीं थी इसलिए राज्य दरबारियों ने उसे अपना राजा मानने से इंकार कर दिया।

अकबर से मुक़ाबला- 1567 में जब चित्तौड़गढ़ को लेकर अकबर ने इस किले का दूसरी बार घेराव किया तो यहां राणा उदय सिंह की सूझबूझ काम आयी। अकबर की पहली चढ़ाई को राणा ने असफल कर दिया था। पर जब दूसरी बार चढ़ाई की गयी तो लगभग छह माह के इस घेरे में किले के भीतर के कुओं तक में पानी समाप्त होने लगा। किले के भीतर के लोगों की और सेना की स्थिति बड़ी ही दयनीय होने लगी। तब किले के रक्षकदल सेना के उच्च पदाधिकारियों और राज्य दरबारियों ने मिलकर राणा उदय सिंह से निवेदन किया कि राणा संग्राम सिंह के उत्तराधिकारी के रूप में आप ही हमारे पास हैं, इसलिए आपकी प्राण रक्षा इस समय आवश्यक है। अतः आप को किले से सुरक्षित निकालकर हम लोग शत्रु सेना पर अंतिम बलिदान के लिए निकल पड़ें। तब राणा उदय सिंह ने सारे राजकोष को सावधानी से निकाला और उसे साथ लेकर पीछे से अपने कुछ विश्वास आरक्षकों के साथ किले को छोड़कर निकल गये।

अगले दिन अकबर की सेना के साथ भयंकर युद्ध करते हुए वीर राजपूतों ने अपना अंतिम बलिदान दिया। जब अनेकों वीरों की छाती पर पैर रखता हुआ अकबर किले में घुसा तो उसे शीघ्र ही पता चल गया कि वह युद्ध तो जीत गया है, लेकिन कूटनीति में हार गया है, किला उसका हो गया है परंतु किले का कोष राणा उदय सिंह लेकर चंपत हो गये हैं। अकबर झुंझलाकर रह गया। राणा उदय सिंह ने जिस प्रकार किले के बीजक को बाहर निकालने में सफलता प्राप्त की वह उनकी सूझबूझ और बहादुरी का ही प्रमाण है।



महाराणा प्रताप बने मेवाड़ाधिपति- फलस्वरूप राणा उदय सिंह की अंतिम क्रिया करने के पश्चात् राज्य दरबारियों ने राणा जगमल को राजगद्दी से उतारकर महाराणा प्रताप को उसके स्थान पर बैठा दिया। इस प्रकार एक मौन क्रांति हुई और मेवाड़ का शासक राणा उदय सिंह की इच्छा से न बनकर दरबारियों की इच्छा से महाराणा प्रताप बने। इस घटना को इसी रूप में अधिकांश इतिहासकारों ने उल्लेखित किया है। इसी घटना से एक बात स्पष्ट हो जाती है कि महाराणा प्रताप और उनके पिता राणा उदय सिंह के बीच के संबंध अधिक सौहार्दपूर्ण नहीं थे। महाराणा प्रताप ने जब अपने पिता राणा उदय सिंह के द्वारा अपने छोटे भाई जगमल को अपना उत्तराधिकारी बनाते देखा तो कहा जाता है कि उस समय उन्होंने सन्न्यास लेने का मन बना लिया था। लेकिन राज्यदरबारियों की कृपा से उन्हें सत्ता मिल गयी और वह मेवाड़ाधिपति कहलाए।

# ये एयरलाइन लाई शानदार ऑफर, 1,219 में डोमेस्टिक और 4,319 में इंटरनेशनल उड़ान का मौका



नई दिल्ली (एजेंसी)। अकसर एयरलाइन नए-नए ऑफर लेकर आती रहती हैं और सस्ते फ्लाइट टिकट ऑफर करती हैं। इसी कड़ी में भारत की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो ने आज अपने 19 साल पूरे होने के खास मौके पर हैप्पी इंडिगो डे सेल का ऐलान किया है। यह सेल 10 अगस्त 2025 से 31 मार्च 2026 तक की यात्राओं के लिए वैलिड रहेगी।

बता दें कि बुकिंग 3 अगस्त 2025 को 00¬01 बजे से 6 अगस्त 2025 को 23¬59 बजे तक खुली रहेगी। इंडिगो की यह स्पेशल सेल अपने ग्राहकों के साथ इस मौके का जश्न मनाने और सालों से उनके लगातार सहयोग के लिए आभार जताने का एक तरीका है।

1219 में दे रही फ्लाइट टिकट- इंडिगो की नई सेल के तहत, सभी सुविधाओं समेत एकतरफा किराया घरेलू उड़ानों के लिए 1,219, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 4,319 और इंडिगो स्ट्रेच के लिए 9,919 से शुरू हो रहा है। यह सेल ग्राहकों के लिए खास तौर से 6Eskai - इंडिगो का AI-पावर्ड असिस्टेंट, इंडिगो वेबसाइट या इसकी मोबाइल एप्लिकेशन पर 3 अगस्त 2025 को उपलब्ध होगी, और उसके बाद 4 अगस्त 2025 से अन्य सभी चैनलों पर उपलब्ध होगी।

सस्ते टिकट के अलावा और क्या हैं ऑफर्स- इंडिगो की नई सेल में सस्ते किराए के अलावा, ग्राहक कई दूसरी तरह के ऑफर्स का भी फायदा ले सकते हैं, जिनसे उनका ओवरऑल ट्रेवल एक्सपीरियंस बेहतर होगा।

चुनिंदा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में स्टैंडर्ड सीट का सेलेक्शन 19 से शुरू।

घरेलू उड़ानों में अतिरिक्त लेगरूम वाली ङ्मरु सीटें 500 से शुरू।

घरेलू उड़ानों में प्रीपेड एक्सेस बैगेज पर और अंतराष्ट्रीय उड़ानों में 15, 20 और 30 किलोग्राम के स्लैब पर 50त्न तक की छूट।

सेलेक्टेड घरेलू और अंतराष्ट्रीय उड़ानों में फास्ट फॉरवर्ड पर 50त्न तक की छूट।

कुछ घरेलू और अंतराष्ट्रीय उड़ानों में 6श्व प्राइम और 6श्व सीट एंड ईट पर 30त्न तक की छूट।

अंतराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 999 में जीरो कैंसेलेशन प्लान।

## 3 बोनस शेयर दे रही यह कंपनी, साथ ही 2 टुकड़ों में बंटेगा स्टॉक, शेयर खरीदने की मची है लूट



नई दिल्ली (एजेंसी)। जीएचवी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के शेयर लगातार फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आने वाले दिनों में चर्चा में रह सकते हैं। दरअसल, कंपनी ने अपने निवेशकों को शानदार तोहफा दिया है। हाल ही में GHV इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के बोर्ड मेंबर ने 24 जुलाई 2025 को हुई बैठक में कंपनी के मौजूदा शेयरधारकों को 3:2 के रेशियो में बोनस शेयर जारी करने को मंजूरी दे दी है। यानी प्रत्येक 2 शेयरों पर तीन पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर। इसके अलावा, बोर्ड मेंबर ने 2:1 के रेशियो में उप-विभाजन/विभाजन को भी मंजूरी दे दी है। इस शेयर विभाजन का उद्देश्य बाजार में कंपनी के शेयरों की लिक्विडिटी को बढ़ाना है। बता दें कि बीते शुक्रवार को कंपनी के शेयर 2त्न तक चढ़कर 1,549.20 रुपये पर आ गए थे।

(पूर्व में सिंधु वैली टेक्नोलॉजीज लिमिटेड) ने 2 अगस्त, 2025 को घोषणा की कि उसे रास अल खैमाह आर्थिक क्षेत्र, संयुक्त अरब अमीरात में रजिस्टर्ड राणा एक्जिम FZ-LLC से एक महत्वपूर्ण लेटर ऑफ अवार्ड प्राप्त हुआ है। यह LOA एरिशा स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग हब के इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण विकास के लिए है, जिसमें RAKEZ, संयुक्त अरब अमीरात में औद्योगिक और वाणिज्यिक भवन शामिल होंगे।

## 15 से कम का शेयर बना रॉकेट, डिफेंस सेक्टर में एंट्री का ऐलान, कर्ज फ्री है कंपनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्राइटकॉम ग्रुप लिमिटेड के शेयर इन दिनों लगातार चर्चा में हैं। कंपनी के शेयरों का कारोबार लगभग एक साल तक निलंबित था और हाल ही में शेयर बाजार में पुनः शुरू हुआ है। अब कंपनी ने नेक्स्ट जेनरेशन की रक्षा प्रौद्योगिकियों के लिए एक नए डिविजन की शुरुआती की है। ब्राइटकॉम ग्रुप ने एयरोस्पेस इंटेलिजेंस और ऑटोनॉमस एरियल डिफेंस सॉफ्टवेयर पर केंद्रित एक समर्पित डिविजन की शुरुआत की घोषणा की है। शुक्रवार को इस पेनी स्टॉक के शेयर 2.65 प्रतिशत बढ़कर 13.97 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए थे, जबकि पिछले बंद भाव 13.61 रुपये प्रति शेयर था। यह शेयर अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 21.65 रुपये प्रति शेयर से 35.5 प्रतिशत नीचे है और इसने अपने 52-सप्ताह के निम्नतम स्तर 6.65 रुपये प्रति शेयर से 111.4 प्रतिशत का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। इस शेयर का लाइफ टाइम हाई प्राइस 117.75 रुपये प्रति शेयर है।

शुक्रवार, 1 अगस्त को एक एक्सचेंज फाइलिंग मेंब्राइटकॉम ग्रुप ने कहा कि वे एक समर्पित प्रभाग शुरू करेंगे जो एयरोस्पेस इंटेलिजेंस और स्वायत्त हवाई रक्षा सॉफ्टवेयर पर केंद्रित होगा। कंपनी के अनुसार, इस पहल का अर्थ एक महत्वपूर्ण रणनीतिक विस्तार होगा, जिसे रक्षा क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग और रीयल-टाइम डेटा प्रोसेसिंग में ब्राइटकॉम की विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए डिजाइन किया गया है। बता दें कि यह विस्तार ऐसे समय में हो रहा है जब एआई-संचालित एयरोस्पेस इंटेलिजेंस और ऑटोमैटिक सिस्टम ग्लोबल डिफेंस आउटलुक को नया रूप दे रही हैं और आने वाले दशक में इनका बाजार 25 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक होने का अनुमान है।

## चर्चित कंपनी दे रही है 1 पर 1 शेयर बोनस, रिकॉर्ड डेट नजदीक, डिविडेंड देने के मामले में भी अव्वल



नई दिल्ली (एजेंसी)। मैगी बेचने वाली कंपनी नेस्ल इंडिया ने निवेशकों को बोनस शेयर देने का फैसला किया है। कंपनी ने एक शेयर पर एक शेयर बोनस दे रही है। इस बोनस इश्यू के लिए नेस्ले इंडिया ने जो रिकॉर्ड डेट तय किया था वो इसी हफ्ते है। बता दें, कंपनी पहली बार बोनस शेयर दे रही है।

नेस्ले इंडिया ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा था कि एक शेयर पर एक शेयर बोनस दिया जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 8 अगस्त 2025 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी इस दिन जिन निवेशकों का नाम कंपनी के रिकॉर्ड बुक में रहेगा उन्हें बोनस शेयर का लाभ मिलेगा।

बीते महीने 4 जुलाई को कंपनी एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। तब कंपनी ने एक शेयर पर 10 रुपये का डिविडेंड दिया था। उससे पहले कंपनी फरवरी के महीने में एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। तब कंपनी ने एक शेयर पर 14.250 रुपये का डिविडेंड दिया था।

2024 में नेस्ले इंडिया के शेयरों का बंटवारा हुआ था। तब कंपनी के शेयरों का बंटवारा 10 हिस्सों में किया गया था। जिसके बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 1 रुपये प्रति शेयर हो गया था।

शुक्रवार को नेस्ले इंडिया के शेयरों में तेजी दिखी थी। तब कंपनी के शेयरों का भाव 1 प्रतिशत से अधिक की उछाल के बाद 2275.95 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था।

## 5 दिन में 73% तक रिटर्न देने वाले बेस्ट 5 शेयर, जमकर हुई कमाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। 5 दिन में 73% तक रिटर्न देने वाले बेस्ट 5 शेयर, जमकर हुई कमाई - पिछले हफ्ते शेयर बाजार में गिरावट आई। पूरे हफ्ते में बीएसई सेंसेक्स 863.18 अंक या 1.05 प्रतिशत गिरकर 80,599.91 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 271.65 अंक या 1.09 प्रतिशत गिरकर 24,565.35 पर बंद हुआ। बीएसई लार्ज-कैप इंडेक्स में 1.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

कई बड़े शेयरों में भी गिरावट दर्ज की गयी। मगर फिर भी 5 स्मॉल-माइक्रो कैप शेयर ऐसे रहे, जिन्होंने निवेशकों को मालामाल कर दिया। इन 5 शेयरों ने शेयरहोल्डर्स को 73 फीसदी तक रिटर्न दिया। पर ध्यान रहे कि इनमें कुछ माइक्रो कैप शेयर हैं, जो ज्यादा जोखिम वाले हो सकते हैं।



एलिगेंट फ्लोरिकल्चर - एलिगेंट फ्लोरिकल्चर का शेयर पिछले हफ्ते 5.03 रु से बढ़कर 8.71 रु पर पहुंच गया। इससे निवेशकों को 73.16 फीसदी रिटर्न मिला। बता दें कि शुक्रवार को इस कंपनी का शेयर 10 फीसदी अपर सर्किट पर 8.71 रु पर बंद हुआ। इस भाव कंपनी की मार्केट कैपिटल 17.42 करोड़ रु है।

जुआरी एग्रो केमिकल्स - जुआरी एग्रो केमिकल्स का शेयर पिछले हफ्ते 204.15 रु से बढ़कर 307.20 रु पर पहुंच गया। इससे निवेशकों को 43.45 फीसदी रिटर्न मिला। शुक्रवार को कंपनी का शेयर 9.18 फीसदी गिरकर 307.20 रु पर बंद हुआ। इस भाव कंपनी की मार्केट कैपिटल 1292.02 करोड़ रु है।

हिंद रेक्टिफायर्स - हिंद रेक्टिफायर्स का शेयर पिछले हफ्ते 1345.40 रु से बढ़कर 1893.30 रु पर पहुंच गया। इससे निवेशकों को 40.72 फीसदी रिटर्न मिला। शुक्रवार को कंपनी का शेयर 3 फीसदी चढ़कर 1893.30 रु पर बंद हुआ। इस कंपनी की मार्केट कैपिटल 3,249.41 करोड़ रु है।

रेमी एडेलस्टाहल- बीते हफ्ते रेमी एडेलस्टाहल के शेयर ने 40.40 फीसदी रिटर्न दिया। इसका शेयर 121.05 रु से 169.95 रु पर पहुंच गया। शुक्रवार को कंपनी का शेयर 0.42 फीसदी की मजबूती के साथ 169.30 रु पर बंद हुआ, जिस रेट पर इसकी मार्केट कैपिटल 185.93 करोड़ रु है।

क्रेओन फाइनेंशियल- शुक्रवार को क्रेओन फाइनेंशियल का शेयर 5 फीसदी चढ़कर 47.54 रु पर बंद हुआ। इस रेट पर कंपनी की मार्केट कैपिटल 96.14 करोड़ रु है। ये शेयर पिछले हफ्ते 33.96 रु से 47.54 रु पर पहुंचा। इससे निवेशकों को 40 फीसदी फायदा हुआ।

## केंद्रीय कर्मचारियों के लिए खुशखबरी, इस दिन हो सकता DA बढ़ोतरी का ऐलान, ये है नया अपडेट



नई दिल्ली (एजेंसी)। 31 दिसंबर, 2025 को सातवें वेतन आयोग की अवधि समाप्त होने के साथ लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के बीच आठवें वेतन आयोग को लेकर उत्सुकता बढ़ रही है। 50 लाख से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों और 62 लाख पेंशनभोगियों को बेहतर वेतन की उम्मीद है। आठवें वेतन आयोग की आधिकारिक घोषणा जनवरी 2024 में की गई थी, हालांकि इसके अध्यक्ष की नियुक्ति अभी बाकी है। इस देरी से इसके गठन और कार्यान्वयन की प्रक्रिया में देरी हो सकती है।

सैलरी स्ट्रक्चर और भत्ते सरकारी कर्मचारियों का वेतन केवल मूल वेतन पर आधारित नहीं होता। इसमें निम्नलिखित कंपोनेंट्स भी शामिल होते हैं। जैसे कि- महंगाई भत्ता (डीए) मकान किराया भत्ता (एचआरए) यात्रा भत्ता (टीए)। अन्य रोजगार लाभ पहले, मूल वेतन कुल वेतन का लगभग 65त्न होता था।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# दो आरक्षकों को हटाया, आरोपी में रईस के अवैध कब्जों पर चलेगा बुलडोजर




बुरहानपुर। लव जिहाद में नावरा निवासी भाग्यश्री धानुक की गला रेत कर हत्या करने के मामले में एसपी देवेंद्र पाटीदार ने नावरा पुलिस चौकी के दो आरक्षकों वसीम कुरैशी और इकबाल खान को चौकी से हटा कर पुलिस लाइन भेज दिया है। पुलिस और प्रशासन ने आरोपित शेख रईस के नेपानगर स्थित अवैध निर्माण और कब्जों को भी रविवार को चिन्हित किया है।

**कई नेता पीड़ित धानुक परिवार के घर पहुंचे**-सोमवार को राजस्व विभाग और नगर पालिका की संयुक्त टीम इन भूमि, भवनों का सीमांकन करेगी। इसके बाद अवैध हिस्सों को बुलडोजर से तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। इसकी मांग पीड़ित परिवार और हिंदूवादी संगठनों ने भी की थी। इधर रविवार को सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, नेपानगर विधायक मंजू दादू और बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस सहित भाजपा-कांग्रेस के कई नेता पीड़ित धानुक परिवार के घर पहुंचे और मृतका भाग्यश्री की मां व बहन को ढांढस बंधाया।अवैध निर्माण पर बुलडोजर कार्रवाई होगी

सांसद ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जानकारी लगते ही कलेक्टर-एसपी से चर्चा की गई है। साथ ही मुख्यमंत्री मोहन यादव के संज्ञान में भी मामला लाया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपित रईस के साथ इस घटना के पीछे रहे अन्य लोगों को भी चिन्हित कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। आरोपित के अवैध निर्माण व कब्जों पर बुलडोजर कार्रवाई होगी।

**इन स्थानों पर कार्रवाई की संभावना**-जानकारी के अनुसार हत्या के आरोपित शेख रईस का संजय नगर में एक मकान है। मातापुर बाजार में एक दुकान है। इसके अलावा उसने बीएंडआर के पास रेलवे ओवरब्रिज के नीचे बड़ी जगह पर कब्जा कर भैंसों का तबेला बना रखा है। प्रशासन ने रविवार को तीनों स्थानों का निरीक्षण किया है।

**चार घंटे तक अंतिम संस्कार रोके रखा**-संभावना जताई जा रही है कि सोमवार को सीमांकन के बाद कभी भी अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि शनिवार शाम स्वजन व हिंदू नेताओं ने मृतका भाग्यश्री का चार घंटे तक अंतिम संस्कार रोके रखा था। नेपा विधायक मंजू दादू के बुलडोजर चलवाने के आश्वासन के बाद वे माने थे।

**थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी पर भी गिर सकती है गाज**-रविवार को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचीं विधायक अर्चना चिटनिस ने कहा कि यह ह्दय विदारक घटना थी। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार के अनुसार मृतका ने नावरा पुलिस चौकी में आरोपित द्वारा धमकाने की शिकायत की गई थी। उस शिकायत पर यदि पुलिस ने समय रहते कार्रवाई की होती तो इस घटना को टाला जा सकता था। लिहाजा आरोपित को संरक्षण देने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**दोनों अधिकारियों को बचाने का प्रयास**-यह अप्रत्यक्ष रूप से लंबे समय से जमी नेपानगर थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल और नावरा चौकी प्रभारी की ओर इशारा है। सूत्रों के अनुसार एसपी देवेंद्र पाटीदार ने दो आरक्षकों को निलंबित कर दोनों अधिकारियों को बचाने का प्रयास किया है। जबकि आरक्षक वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर ही कोई कार्रवाई करते हैं। विधायक से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने भी कहा है कि इस मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# तालाब में गिरा ट्रैक्टर, पानी भरते समय हुआ हादसा, एक की मौत



देवास। भौंरासा थाना क्षेत्र के सिखेड़ी गांव के समीप पहाड़ियों के बीच बनी तलाई में रविवार दोपहर एक हादसा हो गया। दवा छिड़काव के लिए ट्रैक्टर में लगे पंप की टंकी में पानी भरने के दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गया। हादसे के दौरान ट्रैक्टर में दो युवक सवार थे, इसमें से एक तैरकर बाहर निकल आया लेकिन दूसरे की डूबने से मौत हो गई।

हादसे के बाद क्रेन की मदद से ट्रैक्टर को बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंची एसडीईआरफ की टीम ने सर्चिंग करके दूसरे युवक का शव निकाला। इस दौरान मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। पुलिस ने मामले में दर्ज कर जांच शुरू की है।तलाई में गिरा ट्रैक्टर, दो किसान डूबे भौंरासा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 12.30 बजे घटना हुई। देवेंद्र सिंह पुत्र भारत सिंह गुर्जर निवासी सिखेड़ी ट्रैक्टर में पंप से खेतों में कीट नाशक दवाई छिड़कने का काम करता था। वो ग्राम के एक किसान के यहां दवाई छिड़कने के लिए तलाई से दवाई की टंकी में पानी भरने गया था। टैक्टर को रिवर्स लेते समय पिछला पहिया तलाई में धंस गया और देवेंद्र व एक अन्य सहयोगी ट्रैक्टर सहित गहरे पानी में डूब गए, इस दौरान दूसरा युवक तैरकर बाहर आ गया।एक की बची जान, दूसरे की हुई मौत उसने आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों को आवाज देकर बुलाया परंतु जब तक ट्रैक्टर गहरे पानी में डूब गया था। मामले की सूचना भौंरासा पुलिस को दी गई। इसके बाद क्रेन को बुलवाया गया, काफी देर की मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को बाहर निकाला जा सका। उधर एसडीईआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। सर्चिंग के दौरान देवेंद्र गुर्जर को गहरे पानी से निकाला गया। भौंरासा पुलिस द्वारा पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

## यात्रियों की बल्ले-बल्ले, अब दूसरे स्टेशन से खुलेंगी जनशताब्दी एक्सप्रेस, जानें ट्रेन का रूट और टाइम टेबल



भोपाल। यात्रियों की सुविधा और परिचालनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे ने जबलपुर से संचालित होने वाली 12062-12061 Janshatabdi E&press के प्रस्थान और गंतव्य स्टेशनों में बदलाव किया है। अब यह ट्रेन मदनमहल स्टेशन से ओरजिनेट और टर्मिनेट होगी। यह बदलाव 12 अगस्त से प्रभाव में आएगा।

अन्य स्टेशनों की समय-सारिणी में नहीं होगा बदलाव

रेलवे प्रशासन ने बताया कि ट्रेन के अन्य स्टेशनों की समय-सारिणी यथावत रहेगी और केवल प्रस्थान एवं गंतव्य स्टेशन में ही परिवर्तन किया गया है। यह निर्णय यात्रियों की सुविधा और मदनमहल क्षेत्र के लोगों की लंबी मांग को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, अब ट्रेन 12062 मदनमहल-रानी कमलापति जनशताब्दी एक्सप्रेस मदनमहल स्टेशन से सुबह 05:40 बजे प्रस्थान करेगी और अपने निर्धारित मार्ग से होती हुई सुबह 11:15 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।


इसी प्रकार ट्रेन 12061 रानी कमलापति-मदनमहल जनशताब्दी एक्सप्रेस शाम 5:40 बजे रानी कमलापति स्टेशन से रवाना होकर, निर्धारित मार्ग से गुजरते हुए रात 10:45 बजे मदनमहल पहुंचेगी।

## गोदाम में नौकर ही कर रहा था चोरी, कैमरे ने खोला राज, पुलिस ने पकड़ा


ग्वालियर। कोतवाली थाना क्षेत्र में एक व्यापारी के गोदाम से चोरी करने वाले नौकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। व्यापारी ने सीसीटीवी कैमरे में चोरी का राज खुलने के बाद पुलिस को जानकारी दी।

कसेरा ओली में कारोबारी दर्पण भसीन, निवासी हरिशंकरपुरम का गोदाम है, जहां इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद रखे जाते हैं। कुछ दिनों से सामान चोरी हो रहा था। जब ऑडिट कराया गया तो चोरी का पता चला।

दर्पण ने गोदाम में सीसीटीवी कैमरे लगवाए। फुटेज देखने पर मंगलवार को उनका नौकर राकेश उर्फ मोनू चोरी करते हुए दिखाई दिया। मंगलवार को गोदाम बंद रहता है, इसी का फायदा उठाकर वह चोरी करता था। व्यापारी ने फुटेज पुलिस को दिए, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है।



## हाई कोर्ट ने महिला विधायक के दबाव में हुआ निलंबन किया निरस्त



जबलपुर। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने महिला विधायक के दबाव में किए गए सहकारी बैंक के सीईओ के निलंबन को अनुचित पाकर निरस्त कर दिया। इसी के साथ अविलंब बहाल करने के निर्देश दे दिए। कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि याचिकाकर्ता का निलंबन आदेश शक्तियों का दुरुपयोग करके महिला विधायक के दबाव में पारित किया गया है। ट्रांसफर का मामला दरअसल, गांधीग्राम शाखा से सीधी शाखा ट्रांसफर किए गए एक क्लर्क के तबादले को रद कराने के लिए यह कवायद की गई। विधायक ने इस मामले में पक्षपातपूर्ण तरीके से अपने अधिकार क्षेत्र का दुरुपयोग किया है। याचिकाकर्ता सीधी निवासी राजेश रायकवार की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की गांधीग्राम शाखा के एक क्लर्क का सीधी तबादला किया था। याचिकाकर्ता पर लगाया यह आरोप इससे नाराज होकर महिला विधायक (याचिका में रीति पाठक का नाम न होने की वजह से हाई कोर्ट ने यही शब्द इस्तेमाल किया) ने पांच जून, 2025 को फोन पर पहले याचिकाकर्ता को डांटा व धमकाया। इसके बाद याचिकाकर्ता पर आरोप लगाया गया कि उसने विधायक, प्रभारी मंत्री प्रदीप जायसवाल व सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग के विरुद्ध अभद्र भाषा का इस्तेमाल करके अपशब्द कहे हैं।



दैनिक हिन्दकुश

# न्यायालयों में प्रकरणों की बढ़ोतरी और वंचना पर राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी का दो दिवसीय पश्चिम क्षेत्रीय सम्मेलन हुआ प्रारंभ

इंदौर। आयोजक राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय और मध्य प्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी के सहयोग से न्यायालयों में प्रकरणों की बढोत्तरी और वंचना (पश्चिम क्षेत्र) विषय पर केंद्रित दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन आज शनिवार से इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में प्रारंभ हुआ, जो भारत की न्यायिक प्रणाली की गंभीर चुनौतियों के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह आयोजन राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय और मध्य प्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी के सहयोग से किया गया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों के माननीय न्यायाधीशों के साथ-साथ मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान के न्यायिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्री जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी न्यायाधीश उच्चतम न्यायालय थे। जिन्होंने अपने उद्बोधन में न्यायपालिका के समक्ष विद्यमान दोहरी चुनौतियों, प्रकरणों की बढ़ती संख्या और वंचित वर्गों की न्याय से दूरी पर गहन विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने व्यक्त किया कि न्यायपालिका की भूमिका केवल विधि की व्याख्या तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि समावेशी न्याय को सुनिश्चित करने की व्यापक जिम्मेदारी भी होनी चाहिए। उन्होंने वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र के महत्व, न्याय में देरी के सामाजिक प्रभाव, सोशल मीडिया द्वारा न्यायिक धारणा पर प्रभाव और संवैधानिक नैतिकता पर आधारित संस्थागत सुधारों की आवश्यकता को रेखांकित किया।

न्यायमूर्ति श्री सतीश चंद्र शर्मा न्यायाधीश उच्चतम न्यायालय ने न्यायपालिका की दृढ़ता और निष्पक्षता की सराहना करते हुए न्यायाधीशों से निर्भीकता और निष्पक्षता के साथ निर्णय लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका भारत के नैतिक और संवैधानिक ताने-बाने को गढ़ने में अहम भूमिका निभाती है और सिद्धांतों पर आधारित निर्णय लेना सामाजिक एवं विधिक परिपक्वता के लिए आवश्यक है।

न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा मुख्य न्यायाधीश मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने बढ़ते लंबित मामलों को एक चुनौती बताया। उन्होंने इस संकट से निपटने के लिए तकनीक, नीतिगत सुधार और संस्थागत नवाचार को सम्मिलित करते हुए बहुपक्षीय रणनीति अपनाने पर बल दिया। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग की संभावनाओं पर प्रकाश डाला एवं विशेष रूप से प्रकरणों के प्रबंधन, आंकड़ों के विश्लेषण और समयबद्ध निर्णय के साथ ही मध्यस्थता केंद्रों को सशक्त करने और पुराने अप्रासंगिक कानूनों को निरस्त करने की आवश्यकता जताई।

न्यायमूर्ति श्री अनिरुद्ध बोस पूर्व न्यायाधीश उच्चतम न्यायालय एवं निदेशक राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने उद्घाटन सत्र में अकादमी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे अकादमी अपने प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को आधुनिक चुनौतियों के अनुरूप ढाल रहा है। उन्होंने कहा कि न्यायिक अधिकारियों को कानूनी अध्ययन, नैतिकता, प्रक्रियात्मक दक्षता और नई तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा-आधारित निर्णय क्षमता से सुसज्जित करना आज की आवश्यकता है।

## बगैर हेलमेट के पेट्रोल भरवाने के संबंध में पेट्रोल पंप कर्मियों से अभद्रता करने वाले उपभोक्ता के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

इंदौर। जिला प्रशासन द्वारा आमजन की सुरक्षा के लिए जारी ÷हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं÷ आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसी क्रम में एयरपोर्ट रोड स्थित पवन फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट उपभोक्ता को पेट्रोल न देने की समझाइश देने पर उपभोक्ता ने कर्मचारियों से अभद्रता एवं मारपीट की। पेट्रोल पंप कर्मचारियों द्वारा जब उपभोक्ता को हेलमेट आपस में एक्सचेंज न करने की नीति से अवगत कराया गया, तो उक्त उपभोक्ता ने पहले कर्मचारियों से विवाद किया और बाद में मारपीट की घटना को अंजाम दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम.एल. द्वारा तत्काल संबंधित थाना प्रभारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी उपभोक्ता के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज करवाई गई।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री आशीष सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सभी पेट्रोल पंप संचालकों को यह निर्देशित किया गया है कि बिना हेलमेट के किसी भी उपभोक्ता को पेट्रोल न दिया जाए। यदि किसी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाए। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले पंपों पर भी कार्रवाई की जा रही है। जन सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए हेलमेट अनिवार्यता संबंधी यह आदेश जारी किया गया है ताकि दुपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। पेट्रोल पंपों पर ÷नो हेलमेट, नो पेट्रोल÷ के आदेश का प्रभावी क्रियान्वयन जारी है और जिला प्रशासन आमजन से अपील करता है कि वे नियमों का पालन कर अपने तथा दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## गंगा, जमुना, सरस्वती, शिप्रा, चंबल , कावेरी आदि प्रमुख नदियों के जल से दिव्य प्राचीन शिवलिंग का जलाभिषेक

इंदौर। गंगा, जमुना, सरस्वती, मंदाकिनी, यमुनोत्री, गंगोत्री, शिप्रा, चंबल, गंभीर, नर्मदा आदि देश की प्रमुख नदियों के जल से भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापांव में दिव्य एवं प्राचीन शिवलिंग का जलाभिषेक रविवार दोपहर बाद किया जाएगा, सर्व समाज जनों के प्रतिनिधियों द्वारा इंदौर हंस दास मठ से शिव परशुराम कर कावड़ यात्रा रविवार सुबह 9 बजे विधि विधान से पूजा अर्चन के बाद रवाना होगी जो शहर के प्रमुख मार्गो एवं चौराहों से होते हुए राजेंद्र नगर, राऊ और जानापाव पहुंचेगी।

देवी अहिल्या की नगरी इंदौर से सामाजिक समरसता और सर्व समाजों की सहभागिता कर शिव परशुराम कर कावड़ यात्रा रविवार सुबह 9बजे शुरू होगी विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री दर्जा पं. योगेंद्र महंत ने बताया कि धर्म और आध्यात्म में सर्व समाज की सहभागिता और सभी में सामाजिक समरसता का भाव जागृत करने के उद्देश्यसे यह कार कावड़ यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा में ब्राह्मण वैष्णव, उज्जैन, अग्रवाल माहेश्वरी, राजपूत ,राठौर वाल्मीकि, बंजारा, वनवासी आदि समाज 25 से ज्यादा समाजजन एवं पदाधिकारी इस यात्रा में सहभागिता कर रहे हैं।

# साधु मार्गी जैन समता संघ का अनोखा व प्रेरणास्पद आयोजन

इंदौर। सांसारिक व भौतिक सुविधाओं से दूर धर्म, अध्यात्म और त्याग के साथ एकाग्रचित मानव के मूल स्वभाव में आत्म दर्शन के लिए शहर के साधु मार्गी जैन समता संघ का अनोखा सामूहिक आयोजन शनिवार दोपहर में शुरू हो गया है जो रविवार दोपहर 11ः30 बजे तक जारी रहेगा, इस आयोजन में 700 श्राविकाएं श्राविकाएं सहभागिता कर रही है।इसमें सभी श्रावक श्राविकाएं अहिंसा, सत्य, अपरिग्रहण ब्रह्मचर्य और अ - चोरी इन पांच नियमों का पालन कर रहे हैं।

यह दिव्य अनुपम आयोजन आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी महाराज सा की आज्ञा से इनके शिष्य शासन दीपक श्री आदित्य मुनि महाराज सा आदि ठाणा 4 एवं शासन दीपिका साध्वी श्री श्री श्रीकांत श्री जी महाराज सा आदि ठाणा 15 के पावन सानिध्य में शुरू हुआ है। यशवंत निवास रोड स्थित पुरुषों के लिए चौरडिया भवन और महिलाओं के लिए समता भवन में दिव्य अनुष्ठान शुरू हो गया है। साधु मार्गी जैन समता संघ के अध्यक्ष पारस बोहरा ने बताया कि तकरीबन 700 श्रद्धालु इस पुनीत अनुष्ठान में शामिल हो रहे हैं, यह 48 मिनट से लेकर 20 घंटे की सामायीक में अलग-अलग समय और अलग-अलग संख्या में सामूहिक सामयिक पूर्ण करेंगे तकरीबन 8000 से ज्यादा सामयिक पूर्ण की जाएगी। श्री चित्रेश मेहता ने बताया कि श्वेताम्बर के जैन समाज जन की सक्रिय सहभागिता इसमें रही है। इस आयोजन का उद्देश्य साधना संयम और आत्म शुद्धि की भावना को जागृत करना है, इसके लिए प्रत्येक 48 मिनट की एक सामयिक रखी गई है।

मोबाइल और सांसारिक सुखों से दूर रहेंगे श्रावक श्राविकाएं- दिव्य सामयीक में शामिल होने वाले श्रावक श्राविकाएं पांच नियमों का पालन करेंगे सोशल मीडिया और मोबाइल से दूर रहेंगे, सभी श्रावक श्राविकाएं अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य, अ-परिग्रहण, अ -चोरी आदि नियमों का पालन करेंगे, साथ ही धर्म और नियम संयम का पालन भी कर रहे है ताकि वह भौतिक सुख से दूर वास्तविक सुख का आभास कर अपने जीवन को श्रेष्ठतम मार्ग की ओर ले जा सके।

शनिवार को समता भवन में शासन दीपक श्री आदित्य मुनि जी महाराज सा ने कहा कि 11वीं सदी से 19वीं सदी तक मुगल और अंग्रेजों ने हमारे पूर्वजों के साथ जो दुर्व्यवहार किया हमारी संस्कृति को दूर करने के प्रयास किया , हमारे धर्म से भी हमें दूर रखा।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त का वितरण

इंदौर। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त का अंतरण आज शनिवार को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वाराणसी उत्तर प्रदेश से वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से इंदौर जिले के 75 हजार 368 पंजीकृत पात्र किसानों के बैंक खातों में 15 करोड़ 7 लाख 36 हजार रुपये की राशि सीधे अंतरित की गई।



इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय इंदौर में जिले का मुख्य कार्यक्रम प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य तथा सांसद श्री शंकर लालवानी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अनेक अधिकारी एवं कृषक मौजूद रहे। मुख्य अतिथि श्री सिलावट ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि फरवरी 2019 में आरंभ हुई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक देशभर में अब तक 3.75 लाख करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में हस्तांतरित किए जा चुके हैं। यह योजना किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से 20वीं किस्त के रूप में देशभर के 9 करोड़ 70 लाख किसानों को लगभग 20,500 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि मध्यप्रदेश में इस योजना के अंतर्गत कुल 87 लाख 93 हजार किसानों को लगभग 7,039 करोड़ की राशि प्राप्त हुई।

## मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कंपेल, खुड़ैल और कनाडिया के विद्यार्थियों को वितरित की साइकिल



इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट द्वारा निशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर कंपेल के 121, खुड़ैल के 106 एवं कनाडिया के 58 विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं एवं 9वीं के अध्ययनरत विद्यार्थियों को साइकिल प्राप्त हुई। यह योजना विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा को सरल एवं सुगम बनाने हेतु क्रियान्वित की जा रही है। यह पहल ग्रामीण छात्रों की शिक्षा तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने और उनकी दैनिक यात्रा को सहज बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री सिलावट ने उन मेधावी विद्यार्थियों से भी भेंट की, जिन्हें विगत दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लैपटॉप एवं स्कूटी की राशि का लाभ प्राप्त हुआ था। छात्रों के साथ संवाद करते हुए उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा शासन की योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर मंत्री श्री सिलावट ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि कंपेल में संचालित शासकीय महाविद्यालय का नाम अब राजमाता अहिल्याबाई होलकर द्वारा स्थापित विश्व के एक पाषाण श्री दस भुजा गोवर्धननाथ के नाम पर, श्री गोवर्धननाथ शासकीय महाविद्यालय होगा। यह निर्णय क्षेत्रीय जनभावनाओं एवं संत परंपरा के सम्मान में लिया गया है।

इस दौरान इंदौर जनपद अध्यक्ष श्री विश्वजीत सिंह सिसौदिया, श्री देवराज परिहार, श्री ब्रजमोहन राठी, श्री रामेश्वर चैहान, श्री मुकेश चैहान, मंडल अध्यक्ष श्री विष्णु चैधरी सहित विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# इंदौर में स्कूली बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य अभियान

इंदौर। सांसद श्री शंकर लालवानी की पहल पर सांसद सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत इंदौर में स्कूली बच्चों में गैर संक्रामक बीमारियों, डायबिटीज और मोटापे की रोकथाम एवं जांच के लिए विशेष स्वास्थ्य अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान दो चरणों में संचालित होगा। पहले चरण में स्कूलों में शिविर लगाकर जांच की जाएगी, वहीं दूसरे चरण में फॉलो-अप कैंप आयोजित किए जाएंगे।



इस अभियान की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। इसी सिलसिले में आज सांसद श्री शंकर लालवानी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, सेंट्रल लैब की डॉ. विनीता कोठारी, डॉ. अरुण अग्रवाल सहित अभियान से जुड़े स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि, विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

सांसद श्री लालवानी ने बैठक में बताया कि यह अभियान हेल्थ ऑफ इंदौर की सफलता के बाद शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में आयोजित हेल्थ ऑफ इंदौर अभियान में 4 लाख से अधिक नागरिकों और एक लाख से अधिक महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई थी। श्री लालवानी ने कहा कि बदलती जीवनशैली और खानपान के कारण बच्चों में बीमारियों की आशंका बढ़ रही है। ऐसे में समय रहते इनकी पहचान कर समुचित इलाज सुनिश्चित किया जा सकता है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने स्कूलों के प्राचार्यो को अभियान के सुव्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर शिविरों का आयोजन किया जाए।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# मुख्यमंत्री ने किया पत्रकारों के मेधावी बच्चों का सम्मान..कृष्ण-सुदामा की नगरी उज्जैन- प्रदेश शासन विद्यार्थियों को हर तरह की मदद दे रहा है

उज्जैन । सिटी प्रेस क्लब द्वारा आयोजित पत्रकारों के 50 से अधिक मेधावी बच्चों को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव सम्मानित किया तथा इस अवसर पर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उज्जैन कृष्ण सुदामा की शिक्षा स्थली रही है तथा यहाँ अध्ययन का अलग महत्व है ।

रविवार की दोपहर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने होटल विक्रमादित्य के सभागृह में नगर के मीडियाकर्मियों के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया । स्कूल से लेकर हायर एजुकेशन तक सफलता का परचम लहराने वाले बच्चे अपने माता-पिता के साथ मंच पर मुख्यमंत्री को पाकर प्रसन्न थे। 50 प्रतिभाशाली बच्चों के सम्मान समारोह में नगर के प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और अन्य क्षेत्रों के पत्रकार बड़ी संख्या



में उपस्थित है । सम्मान पत्र देकर बच्चों को पुष्पाला पहनाकर अभिनंदन किया गया । समारोह में स्वागत भाषण देते हुए सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष शैलेंद्र कुल्मी ने कहा यह पहला अवसर है जब हम अपने बच्चों को सम्मानित कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि जो चार लाख रुपए का पारिवारिक बीमा पत्रकारों का है वह बहुत कम है इसलिए मुख्यमंत्री जी इसे बढ़ाकर 10 लाख रुपए करें। इंदौर के वरिष्ठ पत्रकार श्री राजेश चेलावत ने कहा पहले भी मैं कई मुख्यमंत्री के साथ रहा, लेकिन जितने कम समय में मध्यप्रदेश के विकास के कार्य चारों ओर प्रारंभ डॉ यादव ने किए हैं उतनी जल्दी कोई और मुख्यमंत्री नहीं कर सका। इसका कारण उनका उच्च शिक्षित होना है। इसी बिंदु पर मुख्यमंत्री के अन्य दावेदारों ने मोहन जी के नाम पर सहमति दी कि वह हमसे अधिक शिक्षित हैं । आज के दौर में शिक्षित होने के साथ-साथ प्रशिक्षित होने की भी आवश्यकता है । पत्रकार का बच्चा यदि उच्च शिक्षित होकर आगे जा रहा है तो यह पूरी पत्रकार बिरादरी का सम्मान है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा बीमा राशि बढ़ाने की जो मांग सिटी प्रेस क्लब ने की है उस पर भोपाल जाकर विचार करूंगा..आपने कहा ऐसा पहली बार हो रहा है कि मैं पत्रकारों के बच्चों को सम्मानित कर रहा हूं । इसलिए मैंने कोई समय की सीमा नहीं रखी है । उज्जैन राजा विक्रमादित्य की नगरी है और यहां सभी राजा-महाराजा हैं । सिंहासन बत्तीसी की पुतलियों पर जो बैठता है वह न्याय करता है। यहां अपनों के बीच में रहकर मैं बहुत आनंदित महसूस कर रहा हूं। कार्यक्रम का संचालन डॉ योगेश कुल्मी ने किया। विशेष अतिथि के रूप में नगरनिगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर भाजपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, पूर्व विधायक राजेंद्र भारती।

# नवदिवसीय श्री देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं शतचंडी यज्ञ की पूर्णाहुति



उज्जैन। श्री भागवत धर्म सेवा न्यास द्वारा संचालित श्री गजानन महाराज मंदिर, अशोक विहार कॉलोनी में चल रही नवदिवसीय श्री देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं शतचंडी यज्ञ की पूर्णाहुति रविवार को हुई।

कथा व्यास के रूप में हरि भक्ति परायण प्रहलाद महाराज केजकर, बीड महाराष्ट्र से पधारे थे। जिन्होंने 9 दिन तक मराठी भाषा में संगीतमय कथा द्वारा श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। प्रतिदिन 4 घंटे की कथा में देवी का प्रादुर्भाव, देवी के विभिन्न रूप, दश महाविद्याओं का वर्णन एवं देवी द्वारा भक्तों पर की गई कृपा का वर्णन विस्तार से किया गया। देवी भागवत कि संस्कृत संहिता का वाचन वेद मूर्ति संदीप शर्मा, उज्जैन द्वारा किया गया। इसी के साथ वेद मूर्ति प्रसाद वेरुलकर, उज्जैन के मार्गदर्शन में शतचंडी अनुष्ठान का आयोजन भी किया गया। इस अनुष्ठान में ब्राह्मणों द्वारा दुर्गा सप्तशती के 100 पाठो का वाचन किया गया जिसकी पूर्णाहुति रविवार को सुबह की गई। पूर्णाहुति के पश्चात विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें श्री गजानन महाराज जी की चरण पादुका को पालकी में रखकर भजन गाते हुए भक्तों के द्वारा ले जाया गया। इस शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में मराठी भक्तगण सम्मिलित हुए। पालकी यात्रा यात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा कर भक्तों द्वारा किया गया। भागवत कथावाचक एवं गुरुजी अनिल जोशी का सम्मान मालवा परंपरानुसार साफा पहनाकर किया गया। पश्चात महाराज की महा आरती की गई और अंत में भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। यह जानकारी न्यास के अध्यक्ष डॉ. मुकुंद गोखले व सचिव हर्षवर्धन गोरे द्वारा दी गई।

## लाठी चालान में बना मध्यप्रदेश का सिरमौर शहडोल, उपविजेता रहा उज्जैन

उज्जैन। राज्य लाठी संघ द्वारा आयोजित तृतीय मध्य प्रदेश स्तरीय लाठी चालान दो दिवसीय स्पर्धा का भव्य आयोजन अवंतिका रेसलिंग एरिना में हुआ। जिसमें विभिन्न जिलों के 350 से भी अधिक बालक बालिकाओं ने लाठी चालन की। एक लाठी चाल, दो लाठी चाल, लाठी प्रहार, युद्ध कौशल ,लाठी खेल आदि वर्गों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्पर्धा को यादगर बनाया।

राज्य लाठी संघ द्वारा आयोजित स्पर्धा में पुरुस्कार वितरण समारोह के अतिथि वनवासी कल्याण परिषद के अध्यक्ष ईश्वर पटेल थे। अध्यक्षता अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र चतुर्वेदी ने की। विशेष अतिथि राज्य फार्मेसी काउंसएलिंग के पूर्व अध्यक्ष ओम जैन, डॉ. अविनाश बूंदीवाल थे।

# क्षत्रिय मराठा समाज ने निकाली श्री मल्हार कावड़ यात्रा



उज्जैन। क्षत्रिय मराठा समाज द्वारा 3 अगस्त रविवार को प्रातः 7 बजे शनि मंदिर, त्रिवेणी घाट (शनि मंदिर) से श्री मल्हार कावड़ यात्रा निकाली। कांवड़ों में क्षिप्रा नदी का जल भर कर घाट पर कावड़ों का पूजन कर प्रातः 8 बजे से कावड़ यात्रा निकलना प्रारम्भ हुई।

कावड़ यात्रा त्रिवेणी घाट से महामृत्युंजय गेट, शांति पैलेस, हरिफाटक ब्रिज, इंदौर गेट, फव्वारा चोक, कंठाल, सतीगेट, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी चौराहा होते हुए दोपहर 12 बजे मल्हार मन्दिर पहुंची। रास्ते मे जगह-जगह समाज के वरिष्ठ गणमान्यजनों ने अल्पहार एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। लगभग 125 महिला पुरुष एवं बच्चो ने इंदौर, देवास एवं उज्जैन के भक्तों ने कावड़ यात्रा में भाग लेकर श्रीमल्हार मार्तण्ड मन्दिर पहुचकर, मल्हारेश्वर का जलाभिषेक, पूजन करके महाप्रसादी ग्रहण की। यात्रा में आयोजक सुरेशराव थोपटे, महेश पवार, सुभाष शिंदे, प्रदीप आवटे, दीपक काटे, सूर्यकांत थोरात, सुरेश जाधव, रवि भोंडवे, मोनील ठोमरे, हरिराव गायकवाड़ सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

# कबीर हर युग मे प्रासंगिक-प्रज्ञा प्रवाह की संगोष्ठी में पुस्तक कबीर पर हुई परिचर्चा



उज्जैन। संत श्री कबीर दासजी का संपूर्ण जीवन भगवत गीता में भगवान् श्री कृष्ण द्वारा बताये गए कर्म, भक्ति और ज्ञान योग का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत करता है। उन्होंने न केवल सरल, सहज और सुलभ भाषा मे धर्म के गूंढ रहस्यों को उद्घाटित किया, अपितु समाज मे व्याप्त बुराइयों और कुप्रथाओं का बड़ी ही स्पष्ट भाषा में बिना किसी लाग लपेट के खुलकर विरोध भी किया है। संत श्री कबीर दासजी एक महान संत होने के साथ-साथ एक समाज सुधारक और बड़े ही स्पष्ट वक्ता थे।

प्रज्ञा प्रवाह मालवा प्रांत उज्जैन इकाई द्वारा उज्जैन पॉलीटेक्निक महाविद्यालय मे आयोजित संगोष्ठी मे आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की पुस्तक कबीर की समीक्षा करते हुए यह बात प्रो. विष्णु नारायण सक्सेना ने कही। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रज्ञा प्रवाह के मालवा प्रान्त के संयोजक डॉ. डी.डी. वेदिया ने कहा की संत कवीर दासजी ने बड़ी सरल एवं सहज भाषा मे समाज के सभी वर्गो से संवाद स्थापित करते हुए न केवल धर्म और संस्कृति के गूढ रहस्यों को जन जन तक पहुचाया बल्कि समाज की विकृतियों पर प्रहार करके समाज को एक नई दिशा प्रदान की।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे पधारे महर्षि विश्वविद्यालय के कार्य परिषद सदस्य एवं भूतपूर्व प्रज्ञा प्रवाह मालवा प्रांत संयोजक गौरव धाकड़ ने कहा की संत कबीर दासजी का दर्शन और साहित्य जीवन प्रबंधन की एक जीती जागती कुंजी है। जो हर युग मे पूरी मनुष्यता की राह जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रकाशित करता रहेगा।

अजाक्स के संभागीय अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी ने कहा कि संत श्री कबीर दास जी ने किसी धर्म या संप्रदाय का विरोध नही किया अपितु हर आबंडर, कुरीति, अंधविश्वास और कुप्रथाओ का खुलकर विरोध किया है। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप मे उपस्थित आत्माराम मेघ वंशी द्वारा संत कबीर दास जी के साहित्य पर विस्तार से चर्चा करते हुए संत कबीर दास जी के विचारों को आत्मसात करते हुए जीवन को सुंदर, सरल और सहज बनाने पर जोर दिया गया।

डॉ दीपेश कुमार सोनार वरिष्ठ व्याख्याता मेकैनिकल इंजी विभाग ने संगोष्ठी को आगे बढ़ाते हुए कहा की कबीर दास जी ने उस समय देश और समाज की विषम राजनीतिक, सामाजिक परिस्थितियों के बावजूद भी कुरीतियों का खुलकर विरोध किया जबकि हम आज अनुकूल स्थित में भी गलत चीजों का विरोध करते हुए झिझकतें है।

इस अवसर पर मेकैनिकल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आर. हरदा ने छात्रों के व्यक्तित्व के समग्र विकास हेतु संत श्री कबीर दास जी की शिक्षाओं एवं साहित्य को छात्रों के बीच नियमित चर्चा परिचर्चा द्वारा पहुंचाने का आवाहन किया गया जिसे सभी सदस्यों द्वारा एक मत से स्वीकार किया गया।

उक्त अवसर पर मैकेनिकल विभाग के वरिष्ठ व्याख्याता जयंत डाबर ने कहा कि आज हम छात्रों को समय की जरूरत के अनुरूप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा अन्य तकनीकी विषय पढ़ा रहे हैं। परंतु जीवन में वास्तविक सुख शांति और आनंद के लिए उन्हें संतों की वाणी को पढ़ाया जाना अत्यंत आवश्यक है। जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति जतायी।

# पौधारोपण एवं युवा पीढ़ी ओर आध्यात्म पर चर्चा.. एक पेड़ मित्रता के नाम



उज्जैन। चिंतामण गणेश स्थित राजराजेश्वरी गुरुकुल धाम आश्रम पर अवनीश्री जनकल्याण शिक्षा संस्था उज्जैन एवं अवंतिका नारीशक्ति तीर्थ क्लब, राज्य आनंद संस्थान (म.प्र.) शासन भोपाल द्वारा हरियाली महोत्सव का कार्यक्रम आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में आशीर्वाद दाता के रूप में महामंडलेश्वर परम पूज्य श्री अतुलानंद सरस्वती जी महाराज (आचार्य शेखर ) मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। संस्था की उपाध्यक्ष प्रतिष्ठा दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम के साथ ÷ युवा पीढ़ी एवं आध्यात्म पर चर्चा÷ का आयोजन भी किया गया जिसमें प्रमुख वक्ता प्रज्ञा शर्मा, मुख्यालय उपपंजीयक थी। प्रज्ञाजी ने कहा कि अध्यात्म से बालकों को बचपन से ही जोड़ना चाहिए तभी उनमे एक नियमित कर्म के रूप में जुड़ जाता है। और बालको का चरित्र का विकास होता है। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अविनाश बुंदिवाल एवं महिला विशेषज्ञ डॉ सपना बुंदिवाल भी उपस्थित थे। संस्था ने यह संकल्प लिया है कि हम पूरे वर्षा ऋतु में पौधारोपण कार्यक्रम नवाचार के साथ प्रत्येक रविवार को विभिन्न जगह करेंगे इसी श्रृंखला में 3 अगस्त 2025 को यह आयोजन परम पूज्य महामंडलेश्वर आचार्य शेखर के आश्रम राजराजेश्वरी गुरुकुल धाम, उज्जैन में किया गया।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com